सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-8	विषय: हिंदी (भारत की खोज)	पाठ: नवीन समस्याएँ

कक्षा 8

पाठ 5। (नवीन समस्याएँ)

प्रश्न १) इस्लाम के उदय के बारे में आप क्या जानते इस्लाम धर्म किस प्रकार भारत पहुँचा?

उत्तर- इस्लाम धर्म लगभग 600 वर्ष के पश्चात् भारत के दक्षिण एवं मध्य भाग में पहुँचा क्योंकि अरबवासियों ने भारत के कई क्षेत्रों पर विजय प्राप्त कर अपने अधीन कर लिया था। जिससे अरब और भारत के बीच आवागमन भी तेज हो गया तथा इनके मध्य व्यापारिक गतिविधियाँ और सांस्कृतिक आदान - प्रदान भी प्रारंभ हुआ। इस प्रकार इस्लाम धर्म भारत पहुँचा।

प्रश्न २) ----

प्रश्न ३)महमूद गजनवी कौन था ? उसके भारत आक्रमणों की जानकारी दीजिए।

उत्तर- 1000 ई. में अफगानिस्तान के शासक महमूद ग़ज़नवी ने भारत पर आक्रमण कर बहुत वध किए तथा भारतीय खज़ाने को है लूटा। महमूद गजनवी द्वारा किए गए रक्तपात एवं लूटपाट के कारण हिन्दुओं के मन में मुसलमानों के प्रति नफरत पैदा हो गई थी। महमूद गजनवी ने पंजाब और सिंध को अपने राज्य में मिला लिया था।

प्रश्न ४) बाबर कौन था? उसके भारत आक्रमणों की जानकारी दीजिए ।

उत्तर- 1526 ई. में मध्य एशिया के तैमूर वंश का तुर्क मंगोल बाबर युद्ध में विजय प्राप्त करता हुआ भारत आया। उसने भारत में मुगल साम्राज्य की नींव रखी। चार वर्ष शासन करने के बाद बाबर की मृत्यु हो गई। उसका अधिकांश समय आगरा को राजधानी बनाने में व्यतीत हुआ। वह आकर्षक व्यक्तित्व का, बहादुर एवं साहसी तथा कला और साहित्य का शौकीन था।

प्रश्न ५) महाराणा प्रताप कौन था ? उसके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

उत्तर- महाराणा प्रताप मेवाड़ का राजपूत राजा था। अकबर मेवाड़ के महाराणा प्रताप के अभिमान का दमन नहीं कर पाया क्योंकि महाराणा प्रताप अकबर को एक विदेशी समझता था तथा उससे औपचारिक संबंध जोड़ने तथा समझौता करने को तैयार नहीं था। इसके बदले महाराणा प्रताप ने जंगलो में भटकना कहीं अधिक अच्छा समझा।

प्र०६) अकबर प्रजा प्रिय एवं कला प्रेमी था। इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर - अकबर बाबर से भी अधिक प्रसिद्ध के बाद सिद्ध हुआ । उसने विनम्र और दयालु लोगो के दिलों और दिमाग पर विजय प्राप्त की। वह अखंड भारत का स्वप्न देखने लगा था । 1556 में वह शासक बना और अपने शासन के लगभग 50 वर्ष उसने इसी स्वप्न को पूरा करने में लगा दिए । उसके शासनकाल में कला, संस्कृति और रहन-सहन का पर्याप्त विकास हुआ । अकबर ने हिंदू और मुसलमान दोनों को समान दृष्टि से देखा, इसलिए वे दोनों में समान रूप से प्रसिद्ध था।

प्रश्न ७) औरंगजेब के शासन काल में हिंदू राष्ट्रवाद के उदय के क्या कारण थे ?

उत्तर- औरंगजेब एक बहुत ही योग्य शासक था परन्तु अपनी धर्मांध के चलते उसने अपने पूर्वजों के नाम और उपलब्धियों पर पानी फेर दिया। उसने कला और साहित्य को कोई सम्मान नहीं दिया। इसके अलावा उसने मंदिरों को तुड़वाकर प्रजा के बहुत बड़े हिस्से को नष्ट कर दिया। मन्दिरों का नष्ट कराने के कारण राजपूत, सिक्ख ,मराठे और अनेक हिंदू समुदाय उसके विरुद्ध उठ खड़े हुए। ऐसे में मुगल साम्राज्य की नींव हिलने लगी।

प्रश्न ८) अंग्रेजी सामाज्य की नीव किस प्रकार पड़ी? इस पर प्रकाश डालिए।

उत्तर -इंग्लैंड का भारत में आगमन् सन् 1600 ई. में रानी एलिजाबेथ के समय में हुआ। तभी रानी ने ईस्ट इंडिया कम्पनी को व्यापार की अनुमति दी थी। सन् 1757 ई. में बंगाल में रॉबर्ट क्लाइव ने धोखे से प्लासी का युद्ध जीत लिया। इसी समय से अंग्रेजी साम्राज्य की नींव पड़ी। जल्दी ही पूरा बंगाल और बिहार अंग्रेजी के हो गए। मराठा सेना के सदस्यों में परस्पर मनमुटाव था, जिस कारण उन्हें युद्ध में हराकर सन् 1818 तक अंग्रेज़ों ने अपना शासन भारत के अधिकांश भाग पर स्थापित कर लिया था।

प्रश्न ९) शिवाजी कौन थे? उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध कौन-कौन से कदम उठाए?

उत्तर-शिवाजी का जन्म 1627 ई. में हुआ था। उनके घुड़सवार दूर-दूर तक छापे मारते थे। उन्होंने सूरत में, जहाँ अंग्रेजों की कोठियाँ थीं, बहुत अधिक लूटमार की। उन्होंने मराठों को शक्तिशाली सैन्यदल तथा राष्ट्रीयतावादी पृष्ठभूमि दी।

प्रश्न १०) महाराज रणजीत सिंह का परिचय संक्षेप में दीजिए?

उत्तर -यह वह दौर था जब अंग्रेज़ों के अलावा कोई और गुल या समूह मजबूत नहीं था और चारों और भार - काट मर्ची यी और आतंक का माहौल था। जनता भी भयभीत थे इसी दौरान दौरान जाट सिक्ख महाराजा रणजीत सिंह ने पंजाब में अपना साम्राज्य स्थापित किया ।वह अत्यन्त मानवीय थे। कुछ कमजोरियाँ होते हुए भी महाराजा रणजीत सिंह ने एक शक्तिशाली सेना का गठन किया।